सेंट मोटफोर्ट विद्यालय के लिए हाइकिंग एवं रैली

आज दिनांक 27 सितंबर 2017 को हाइकिंग हेतु हथाईखेड़ा ले जाया गया। संस्था के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंम्भ किया । लगभग 250 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया । प्रत्येक कक्षा के बच्चे प्रेरणाप्रद संदेश देते हुए अनुशासनात्मक रूप से चल रहे थे। सातवी 'अ' के विद्यार्थियों के संदेशों का विषय – **''प्लास्टिक मुक्त भोपाल''** ,कक्षा सातवीं **'ब'** के संदेशों का विषय **–''जल ही जीवन है''**

कक्षा सातवीं **'स'** का विषय – **''झीलों की नगरी भोपाल,''** कक्षा सातवीं **'द'** का विषय हमारा संदेश – **''हरा भरा प्रदेश** ''तथा कक्षा सातवीं **'ई'** का संदेश का विषय **– ''वातावरण की स्वच्छता और हमारा स्वास्थ्य''** था सभी विद्यार्थी स्काउट –गाइड यूनिफॉर्म में थे। इस रैली में सेंट मोंट फोर्ट विद्यालय के स्काउट गाइड के प्रभारी शिक्षकों व सभी कक्षा की कक्षा अध्यापिकाओं ने भी भाग लिया।

विद्यालय की शिक्षिका मीना शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों एवं आस –पास के स्थान पर स्वच्छता का संदेश दिया जिससे स्वच्छ भारत का संदेश हर गली में पहुँच गया ।